# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 01 अक्टूबर, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली देहात**

**बाइक सवार शातिर लुटेरों के साथ थाना कोतवाली देहात पुलिस व मिशन शक्ति महिला पुलिस टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, बाइक व लूट के मोबाइल बरामद।**

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 01/02.10.2025 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम कुड़वल बनारस बंबे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके तथा बदमाश पुलिस टीम को देखकर बाइक को तेजी से मोड़कर कुड़वल बनारस बंबे की ओर जाने वाले रास्ते पर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गये जिनको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1. आलम पुत्र नासिर निवासी ग्राम भईपुरा थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर 2. इरफान पुत्र इस्तकार निवासी धमेड़ा अड्डा थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाशों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस ,बाइक व लूटी हुई चैन बरामद हुए है।

**उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे है जिसके द्वारा दिनांक 07.07.2025 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ब्लू मून होटल के सामने एक महिला के गले से चैन लूटने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 478/25 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। बदमाशों की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।**

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1- आलम पुत्र नासिर निवासी ग्राम भईपुरा थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर ।

2- इरफान पुत्र इस्तकार नावासी धमेड़ा अड्डा थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1- 02 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस व 04 खोखा कारतूस।

2- अपाचे बाइक ( DL-5SAW-5885)

3- लूटी हुई चैन (पीली धातु)

**गिरफ्तार अभियुक्त आलम का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं 123/12 धारा 414/411 भादवि व 102/41 सीआरपीसी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

2- मुअसं 282/22 धारा 147/323/504/506 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

3- मुअसं- 478/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

**गिरफ्तार अभियुक्त इरफान का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं 1447/16 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

2- मुअसं 373/11 धारा 380/411 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

3- मुअसं 125/28 धारा 380/457/411 भादवि थाना नॉलेज पार्क जनपद गौतमबुद्धनगर।

4- मुअसं- 478/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री नीरज मलिक प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात
2. उ0नि0 हरेन्द्र सिंह, उ0नि0 जावेद, उ0नि0 मनीष यादव।
3. है0का0 अंकित, है0का0 जितेन्द्र सिंह, है0का0 विपिन जावला, का0 गौरव राणा, का0 बलजोर, का0 राजकुमार, का0 उत्कर्ष।















मीडिया सेल बुलन्दशहर